विशेषज्ञ से तकनीकी व प्रबंधन कौशल सीखेंगे इंजीनियर



पटना. सरकार के सात निश्चय में शामिल हर घर नल का जल पहुंचाने के लिए अभियंता उसके तकनीक पहलुओं व प्रबंधन कौशल के बारे में सीखेंगे. आईआईटी व आईआईएम के विशेषज्ञ प्रशिक्षित करेंगे. पीएचइडी 35 अभियंताओं को प्रशिक्षित कराने के लिए आईआईएम अहमदाबाद भेजेगा. 27 नवंबर से वहां परियोजना व कांट्रैक्ट प्रबंधन के विविध पहलुओं पर प्रशिक्षित दिया जायेगा. जलापूर्ति योजना की डिजाइन प्रणाली के तहत वाटरजेम व लूप थ्रू सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है. पीएचइडी मंत्री विनोद नारायण झा ने बताया कि विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को नवीनतम तकनीक व प्रबंधकीय क्षमता से लैस करने के लिए प्रशिक्षण दिलाया जायेगा. अभियंताओं को जलापूर्ति योजनाओं की तकनीक, कांट्रैक्ट प्रबंधन, विधिक प्रक्रिया, सामुदायिक सहभागिता आदि विषयों पर क्षमता संवर्द्धन करना है. मंत्री ने हर घर नल का जल प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए कहा कि नवीनतम तकनीक व प्रबंधन से अभियंताओं को प्रशिक्षित करना है. पंचायत राज के प्रतिनिधियों को योजना से जोड़ने के लिए सघन जागरूकता व प्रशिक्षण अभियान चलाया जायेगा. मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा मुखिया व वार्ड सदस्यों को भी प्रशिक्षित किया जायेगा.